




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 130 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024 www.samaydarshan.in


शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला

# पीएम नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में में शाह, राजनाथ, गडकरी के मंत्रालय रिपीट

**नई दिल्ली (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई सरकार के 71 मंत्रियों के साथ शपथ ली। इनमें से तीस को कैबिनेट मंत्री पांच को स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 को राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्रियों और उन्हें आवंटित विभागों की पूरी सूची जारी कर दी गई है।

बता दें कि पहली कैबिनेट बैठक दिल्ली में आयोजित की गई है। इस बैठक में अपने मंत्रिमंडल में शामिल नवनिर्वाचित मंत्रियों को विभाग आवंटित किए गए। मिली जानकारी के अनुसार, मोदी 3.0 कैबिनेट में नितिन गडकरी को सड़क और परिवहन मंत्रालय मिला है। वहीं, एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय विभाग सौंपा गया है।

राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रालय, अमित शाह गृह मंत्रालय, नितिन गडकरी सड़क परिवहन, मंत्रालय जेपी नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय, शिवराज सिंह चौहान कृषि मंत्रालय एवं किसान ग्रामीण विकास मंत्रालय, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्रालय, सुब्रह्मण्यम जयशंकर विदेश मंत्रालय, मनोहर लाल ऊर्जा मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय, हरदनहल्ली देवगौड़ा कुमारस्वामी उद्योग मंत्रालय एवं स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय, पीयूष गोयल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्रालय, जीतन राम मांझी एमएसएमई मंत्रालय, राजीव रंजन सिंह ,पंचायती राज मंत्रालय, सर्बानंद सोनोवालपोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय, डॉ वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय, राममोहन नायडू नागरिक उड्डयन मंत्रालय, प्रल्हाद जोशी उपभोक्ता मंत्रालय, जुएल ओरांव जनजातीय कार्य मंत्रालय, गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्रालय, अश्वनी वैष्णव सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय, ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया संचार मंत्रालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, भूपेंद्र यादव परियावर्ण मंत्रालय, गजेन्द्र सिंह शेखावत संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री, अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, किरेन रिजिजू संसदीय मामलों का मंत्रालय और सहकारी एवं अल्पसंख्यक, हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम मंत्रालय, डॉ मनसुख मंडाविया श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय और खेल एवं युवा मंत्रालय, जी किशन रेड्डी कोयला मंत्रालय और खनन मंत्रालय, चिराग पासवान



खाद्य प्रसंस्कृत उद्योग मंत्रालय, सीआर पाटील जल शक्ति मंत्रालय, राव इंद्रजीत सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री जाधव प्रतापराव गणपतराव (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री. जयंत चौधरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री जितिन प्रसाद राज्य मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री श्रीपद यशो नाइक राज्य मंत्री ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी राज्य मंत्री वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर राज्य मंत्री सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री रामदास आठवले राज्य मंत्री मंत्रालय में राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर राज्य मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय राज्य मंत्री गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिय पटेल राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री वी सोमन्ना राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी राज्य मंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल राज्य मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे राज्य मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह राज्य मंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर राज्य मंत्री बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री सुरेश गोपी राज्य मंत्री पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री एल मुरुगन राज्य मंत्री सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा राज्य मंत्री सड़क परिवहन राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार राज्य मंत्री गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री कमलेश पासवान राज्य मंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी राज्य मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे राज्य मंत्री कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री संजय सेठ राज्य मंत्री रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री रावनीत सिंह बिट्टू राज्य मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके राज्य मंत्री जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे राज्य मंत्री युवा मामले और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार राज्य मंत्री शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर राज्य मंत्री महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू राज्य मंत्री आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ राजभूषण निषाद राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा राज्य मंत्री भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा राज्य मंत्री कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभानिया राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल राज्य मंत्री सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन राज्य मंत्री अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा राज्य मंत्री विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री।

## तोखन साहू बने शहरी विकास राज्यमंत्री :केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्?टर के साथ संभालेंगे जिम्मेदारी



**रायपुर (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से सांसद तोखन साहू को मोदी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री बनाया गया है। उन्हें शहरी विकास मंत्रालय में जिम्मेदारी दी गई है। कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्?टर के पास ये मंत्रालय है। केंद्र में राज्यमंत्री बनने वाले तोखन साहू 7वें सांसद हैं। वो पहली बार ही लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। तोखन साहू ने पहली बार लोकसभा की दहलीज पर कदम रखा तो वहां पर प्रवेश द्वार की सीढ़ियों को दंडवत प्रणाम किया था। वे एक बेहद साधारण किसान परिवार से आते हैं, जो कि वर्ष 2013 में पहली बार लोरमी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में तोखन साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लगभग 1 लाख 64 हजार से भी अधिक वोटों के अंतर से हराया है।

## 'हमें हल्के में न लें...,' सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर केजरीवाल सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें हल्के में मत लीजिए। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उसकी याचिका में खामियों को दूर न करने के लिए यह फटकार लगाई रहै। याचिका में हरियाणा को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दें। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार की दायर याचिका में त्रुटि के कारण रजिस्ट्री में हलफनामे स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। आगे कहा,आपने त्रुटि को ठीक क्यों नहीं किया? हम याचिका खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी इस ओर ध्यान दिलाया गया था और फिर भी आपने त्रुटि को दूर नहीं किया। अदालती कार्यवाही को हल्के में न लें, चाहे आपका मामला कितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो। बेंच ने मामले की सुनवाई 12 जून तक स्थगित करते हुए कहा, हमें कभी हल्के में न लें। फाइलिंग स्वीकार नहीं की जा रही है। आप सीधे कोर्ट को कई दस्तावेज सौंपते हैं और फिर कहते हैं कि आपके पास पानी की कमी है और आज ही आदेश पारित कर देते हैं। आप सभी तरह की अत्यावश्यकता का हवाला देते हैं और आराम से बैठे रहते हैं। सब कुछ रिकॉर्ड में आने दें। हम इस पर परसों सुनवाई करेंगे। कोर्ट ने सुनवाई में आगे कहा कि वह मामले की सुनवाई से पहले फाइलें पढ़ना चाहती है, क्योंकि अखबारों में बहुत-सी बातें छपी हैं। पीठ ने कहा, अगर हम अपने आवासीय कार्यालय में फाइलें नहीं पढ़ेंगे तो अखबारों में जो कुछ भी छप रहा है, उससे हम प्रभावित होंगे। यह किसी भी पक्ष के लिए अच्छा नहीं है।

## दूसरी बार सिक्किम के सीएम बने प्रेम तमांग, राज्यपाल ने आठ मंत्रियों के साथ दिलाई शपथ



**गंगटोक (समय दर्शन)।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तमांग के साथ आठ नव-निर्वाचित विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रेम सिंह तमांग को दोबारा सिक्किम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'सिक्किम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रेम सिंह तमांग के सफल कार्यकाल की कामना करता हूं और सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।' इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। इस बार विधानसभा चुनाव में तमांग ने जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई।

# बलौदाबाजार में कलेक्टर-एसपी ऑफिस को आग लगाई:दर्जनों वाहन फूंके

### पथराव में पुलिसकर्मी-मजिस्ट्रेट घायल; सीएम ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए

**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सतनामी समुदाय के प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ के बीच कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में आगजनी की। इससे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए।

इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग भी घायल हुए हैं।

आगजनी और तोड़फोड़ के चलते बड़ी संख्या में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दर्जनों चार पहिया और दो पहिया वाहन जलकर खाक हो गए। वहीं कलेक्टर और एसपी दफ्तर में भी आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं दिल्ली गए डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा सूचना मिलने के बाद रायपुर पहुंच रहे हैं। पहले उन्हें मंगलवार को रायपुर लौटना था।



### आईजी और कमिश्नर को मौके पर भेजा गया

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं। मौके पर आईजी और कमिश्नर को भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है। इससे पहले सीएम ने इस मामले में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और मुख्य सचिव व डीजीपी को तलब किया।

### जैतखाम तोड़ने से नाराज है समाज

जानकारी के मुताबिक, 15 मई की देर रात सतनामी समुदाय के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब 5 किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास मौजूद दशहरा मैदान में कई दिन से प्रदर्शन कर रहे थे।

पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लोगों का आरोप है कि पकड़े गए लोग असली आरोपी नहीं हैं और पुलिस दोषियों को बचा रही है। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान लोग इसी बात को लेकर उग्र हो गए। इसके बाद हालात बिगड़ते चले गए।

एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि समाज विशेष के लोगों को धरना-प्रदर्शन की इजाजत दी गई थी। उनकी ओर से शांतिपूर्वक करने का आश्वासन दिया गया था। अचानक हंगामा शुरू कर दिया और लोग बेकाबू हो गए। आगजनी और पथराव शुरू कर दिया।

दूसरे रास्ते से भी उपद्रवी आए और बैरिकेड तोड़कर कलेक्ट्रेट परिसर में घुस गए। बिल्डिंग को आग लगा दी। पथराव किया, इसके चलते कई पुलिसकर्मी और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट घायल हो गए। इसके बाद भी उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे नहीं माने और कलेक्ट्रेट के अंदर घुस गए।

# पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनेंगे

### पीएम मोदी की नई कैबिनेट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा एलान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आज की बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।

### आवास योजना के तहत बीते 10 वर्षों में 4.21 करोड़ घर बने थे

भारत सरकार 2015-16 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू कर रही है ताकि बुनियादी सुविधाओं के साथ घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं की मदद से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक शुरू हुई। प्रधानमंत्री के आवास पर हो रही इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे।

कैबिनेट की बैठक शुरू होने के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में हमें वैश्विक मापदंडों से भी आगे जाकर काम करना है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। इस बीच मोदी सरकार के नए-नवेले मंत्रियों के बीच विभाग बंटवारे पर सस्पेंस अब तक कायम है। कैबिनेट की पहली बैठक के बाद देर शाम तक मंत्रियों के बीच विभाग बंटवारे से जुड़ा एलान होने का अनुमान है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा, ''मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि [illegible] सेवा का अधिष्ठान और [illegible] (जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय) बने। सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के कर्मचारी भी हैं, जिन्होंने एक विजन के लिए खुद को समर्पित कर देने में कोई कमी नहीं रखी। ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी के 10 साल के पुरुषार्थ पर मुहर लगाते हैं। इस विजय के बड़े हकदार और सच्चे हकदार आप लोग हैं।''

## प्रज्ज्वल रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, यौन शौषण-दुष्कर्म मामले में अदालत का फैसला

**बंगलूरू (एजेंसी)।** जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) से निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। पहले उन पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें हासन लोकसभा सीट से हार भी झेलनी पड़ी और अब उन पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी द्वारा रेवन्ना को अदालत में पेश किया गया है।

# घरजरा में चेकडेम निर्माण में गुणवक्ता हीन कार्य किये जाने पर नोडल अधिकारी हरि शंकर चौहान ने तोड़ने का दिया आश्वासन

**घरजरा के निर्माणधीन चेक डेम में भ्रष्टचार कौन है जिम्मेदार तकनीकी सहायक से लेकर जनपद सीईओ तक को जानकारी फिर भी नही हुई कार्यवाही**

**योगेश कुर्रे**



**बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** बिलाईगढ़ जनपद पंचायत भ्रष्टचार की लिख रही कहानी। जहा खुलेआम पंचायत के विकास कार्यों में जमकर धांधली चल रहा मानो जनपद पंचायत से खुला संरक्षण मिला हो आपको बता दे विगत वर्षो में बिलाईगढ़ बलोदाबाजार जिला का हिस्सा था तो बिलाईगढ़ जनपद जिला मुख्यालय से काफी दूर था जिसकी वजह से उच्चाधिकारियों की पकड़ या उच्च प्रशासनिक कसावट से दूर नजर आता था। जिसकी वजह से विकास कार्यों की जमकर भ्रष्टचार हो गया जो कि आज भी नही बदली है अब लगभग डेढ़ साल से अधिक समय हो चुका नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ मिलकर नया जिला बना और जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 25 से 30 किलोमीटर ही है लेकिन प्रशासनिक कसावट अब भी नजर नही आ रहे जिसकी वजह से लाखो के विकास कार्यों में गुणवत्ताविहीन और निम्न स्तर के काम को अंजाम दे रहे विकास के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा ।

**सीईओ बिलाईगढ़ के कार्यशैली पर उठ रहे ?**

इस संबंध में जब बिलाईगढ़ जनपद सीईओ प्रधान को जानकारी दिया गया तो साहब कहते है पत्थर डाल सकते है स्टेमिट में होगा तो देखना पड़ेगा जबकि सीईओ साहब को अच्छी तरह से नियम पता है उसके बाद भी स्टिमेंट जैसे बातो उलझकर गुणवत्ताविहीन कार्यों से अपनी आंखे मूंद लिया गया इस तरह की घटिया निर्माण की जानकारी अधिकारी तक को होने कर किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया जाना जनपद सीईओ की भी कार्य शैली पर सवाल खड़े होते है अगर एक अधिकारी संज्ञान नही लेगा तो भ्रष्टाचार किस हद तक बढ़ सकता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है? ऐसे कार्यों पर सिर्फ ग्राम पंचायत सरपंच सचिव या रोजगार सहायक पर ही कार्यवाही नहीं होनी चाहिए बल्कि उनसे पहले तकनीकी सहायक और सीईओ जिनको जानकारी देने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया ऐसे अधिकारी पर पहले कार्यवाही होनी चाहिए?

**जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने दिया जांच का आश्वासन**

तकनीकी सहायक फोन उठाना मुनाफिस नही समझते ,उसके बाद जनपद सीईओ बिलाईगढ़ को जानकारी दिया गया जब उनके द्वारा भी किसी प्रकार का संज्ञान नही लिया गया तो सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान को ग्राम घरजरा में चेकडेम की वस्तु स्थिति की जानकारी दिया गया जिसमे तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीओ को निर्देश किया गया और जांच कर उसे तोड़ने का निर्देश देते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया और कहा की किसी भी पंचायत में भ्रष्टचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

**तकनीकी सहायक के संरक्षण में हो रहा जमकर भ्रष्टाचार**

आपको बता दे जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेहरजोर घरजरा में लाखो रूपये का चेक डेम बनाया जा रहा जिसमे जमकर भ्रष्टचार को अंजाम दे रहे आपको बता दे ग्राम पंचायत घरजरा के आश्रित ग्राम मंडलपुर के गौठान के पास लगभग 10 लाख रूपये का चेक डेम मनरेगा के तहत बनाया जा रहा जिसमे जंगली पत्थर खूब भरा जा रहा जबकि नियम कहता है की कंक्रीट के द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में रखकर बनाने का प्रावधान है मापदंड और नियम को दरकिनार कर ग्राम पंचायत घटिया काम को अंजाम दे रहे और इसका सबसे बड़ा संरक्षण देने वाला तकनीकी सहायक है जिनको शासन से साफनिर्देश है की मनरेगा में हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मापददंड को ध्यान में रखकर काम करना है उसके लिए लगातार उन्हे कार्य स्थल का भी मुआयना करने का निर्देश दिया जाता है लेकिन या तो तकनीकी सहायक अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों में लापरवाह तकनीकी सहायक है जो कभी देखने तक नही गए होंगे और अगर कार्य स्थल पर पहुंच कर हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया होगा तो साफजाहिर है की तकनीक सहायक के ही संरक्षण में चेक डेम में जंगली पत्थर भरा जा रहा होगा शासन के पैसों का खुला दुरुपयोग किया जा रहा और अधिकारी मौन बैठे है ।

# स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का हो रहा विशेष आयोजन

**जिले में भू-जल संरक्षण के लिए 1458 सोकपिट का हुआ निर्माण**



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** भारत सरकार द्वारा गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 05 जून से 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया ।जिसके परिपालन में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 10 जून 2024 को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर स्वच्छ हरित ग्राम का आयोजन किया गया ।इसके तहत ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया ।ग्रामीणों को बताया गया कि भू-जल को रिचार्ज करने व जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना मदद करता है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नलकूप/हैण्डपम्प के पास सोकपिट का निर्माण करने के संबंध में जानकारी दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद श्रीमती रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के सभी 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान के तहत कुल 1458 सोकपिट का निर्माण किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में सोकपिट का निर्माण एवं नाडेप टैंक का निर्माण किया गया है ।इसके लिए विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर हेतु नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। स्वच्छ हरित ग्राम कार्यक्रम में जैविक खाद के बारे में भी जानकारी दिया गया ।जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैंविक खाद बनाने में सहायक वर्मी कम्पोस्ट/ नाडेप पीट एक बेहतर उपाय है ।जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों/ग्राम पंचायतों में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप पिट निर्माण करने के निर्देश दिया गया, जिसके तहत मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त अभिसरण से जिला में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप टैंक का निर्माण किया जा रहा है ।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के समस्त 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर कुल 650 वर्मी/नाडेप टैंक का निर्माण किया गया। ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद,अपशिष्ट पदार्थो का पुन:उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे के रिसायलिंग के लिये प्रोत्साहित किये जाने हेतु 10 जून 2024 से विशेष अभियान के रूप में ग्राम/गांवों में दिवाल लेखन, रैली आयोजन,मानव श्रृंखला पर्यावरण सरंक्षण के उपाय के लिये शपथ,संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

# जलदूत एप्प से गांव में कुंओं के जल स्तर का किया जा रहा है सर्वे

**मुंगेली ( समय दर्शन )।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में गावों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा संयुक्त रूप से गांव-गांव में स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें गांव के सार्वजनिक स्थलों व अमृत सरोवर तालाबों की साफ-सफाई, हैण्डपंप के पास सोकपीट का निर्माण एवं मरम्मत, विभिन्न स्थलों में पौधारोपण व गड्ढा खुदाई, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नि:शुल्क पौधा वितरण आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विकास मंत्रालय द्वारा जलदूत ऐप विकसित किया गया है, जिसके द्वारा प्रत्येक गांव के कुंओं के जल स्तर का माप किया जाता है। इसके लिये महात्मा गांधी नरेगा के ग्राम रोजगार सहायकों को जलदूत नियुक्त किया गया है, जो गांव के कुंओं का माप जलदूत ऐप में दर्ज करते हैं। इस दौरान एक व्यक्ति साक्ष्य के रूप में भी रखा जाता है। जल स्तर का मापन प्रतिवर्ष दो बार की जाती है। एक बार मानसून आने के पूर्व माह-जून में एवं दूसरी बार मानसून के पश्चात् माह-अक्टूबर में। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जलदूत का रजिस्टर संधारित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक माप को दर्ज किया जाता है।

# शासकीय सड़क पर अवैध कब्जा कर दिवाल निर्माण की कलेक्टर से की शिकायत

**ग्राम गोंडपेंडरी के किसानों ने सिंचाई हेतु पाईप लाईन बिछाने दिया आवेदन**

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** लोकसभा चुनाव 2024 पूर्ण होने एवं आदर्श आचरण संहिता शिथिल होने के पश्चात प्रति सोमवार आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों से समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा।

चरोदा भिलाई निवासी अंकिता मौर्या, नेशनल लेवल की तीरंदाज खिलाड़ी ने अपनी खेल प्रतिभा को निखारने हेतु खेल सामग्री के लिए आर्थिक मदद की मांग की। आवेदन लेकर पहुंची कुमारी मौर्या ने कलेक्टर को बताया कि वह सब जूनियर और सीनियर नेशनल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। खेलो इंडिया ईस्ट जोन में पदक लेने वाली छत्तीसगढ़ की पहली खिलाड़ी है। उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह खेल उपकरण खरीदने में असमर्थ है। नेशनल मैच में भाग लेने के लिए प्रैक्टिस हेतु खेल उपकरणों की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने खेल विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

कोहका भिलाई के मोहल्लेवासियों ने निगम द्वारा निर्मित सीमेंटीकरण रोड पर अवैध कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा दिवाल खड़ा करने की शिकायत की।

# 6 किलो ग्राम गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**थाना कुन्नाड़ी जिला बुन्दी (राजस्थान) के दो आरोपी को भेजा गया जेल**



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के दिश-निर्देश में नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है ।निर्देश के परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक गरियाबंद जितेन्द्र चन्द्राकर,एस0डी0ओ0पी0 मैनपुर के मर्गदर्शन एवं परिवेक्षण में समस्त थाना प्रभारी नशे के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर सक्रिय कर दिये थे। इसी तरह आज मैनपुर पुलिस को मुखबीर के माध्यम से थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा को सूचना मिला कि 2 व्यक्ति एक मोसा0 क्र.आरजे 20-क्छ्ठ- 7906 से अवैध रूप से मादक पदार्थ गंजा रखकर मैनपुर से गरियाबंद मुख्य मार्ग में बेचने की फिराक में जा रहे है ।इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए हमराह स्टाप एवं गवाहन के साथ ग्राम धवलपुर जिरो पाइंट के पास मेन रोड़ ह॥130ष्ट के पास रेड कार्यवाही करने रवाना हुआ जो ग्राम धवलपुर जिरो पाइंट के पास मेन रोड ह॥130ष्ट के पास मुखबीर के बताये अनुसार नाकाबंदी लगाया गया जो ग्राम धवलपुर ओर से एक मोसा0 क्र आरजे 20-क्छ्ठ- 7906 में दो व्यक्ति को आते हुए रोक कर पकड़े। जिसका नाम पता पुछकर तालाशी लेने पर मोटर सासायकल चालक किशन गवारिया पिता किसन कुमार गवारिया पिता रामसिंह गवारिया उम्र 27 साल ग्राम कोटा थाना कुन्नाड़ी जिला बुन्दी राजस्थान के कब्जे से मो0सा0 क्रमांक आरजे 20-क्छ्ठ- 7906 स्प्लेन्डर एक रियलमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल मिला तथा पीछे बैठे संदेही सुरज गवारिया पिता मानसिंह गवारिया उम्र 19 वर्ष निवासी कोटा नंहता पारा थाना कुन्हाड़ी जिला बुन्दी राजस्थान के कब्जे से एक स्लेटी रंग का बैग के अन्दर खाखी रंग के प्लास्टिक टेप में लिपटा हुआ दो पैकेट संदेहजनक मादक पदार्थ गांजा मिला जिसे तौल करने पर 5 किलो ग्राम तथा 1 हरा रंग की प्लास्टिक पालिथीन में संदेहजनक मादक पदार्थ गांजा 1 किलोग्राम कुल 6 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसकी किमती 60000/रु के साथ आरोपी किसन कुमार गवारिया पिता रामसिंह गवारिया उम्र 27 साल ग्राम कोटा नहंता पारा थाना कुन्नाड़ी जिला बुन्दी राजस्थान,सुरज गवारिया पिता मानसिंह गवारिया उम्र 19 साल निवासी कोटा नहंता पारा थाना कुन्नाड़ी जिला बुन्दी(राजस्थान) के द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर अपने मोसा0 मे परिवहन करते पाये जाने से आरोपीयों को विधीवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यावाही में निरी. शिवशंकर हुर्रा,सउनि जोहन राम ध्रुव,सउनि नकूल सिदार,प्रार,रवि लहरे,प्रआर. राजकुमार साहू,आरक्षक कोमल धृतलहरे,शिवलाल तिर्की,कृष्णानंद यादव,प्रमोद यादव,प्रवीण वर्मा, सुखसागर नाग की सराहनीय भूमिका रही।

## तपती धूप में घंटो लाईन लगने के बावजूद नही हो रहा काम

# कोसीर सेंट्रल बैंक कर्मियों की मनमानी से खाताधारक परेशान




**कोसीर ( समय दर्शन )।** एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार लोगों को डिजीटल? भारत के सपने दिखा रहा वहीं आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं, बुजुर्ग, वृद्ध, युवा कई दिनों तक बैंको के चक्कर काटने घंटो लाईन में लगने मजबूर है ठीक ऐसा ही हाल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कोसीर सेंट्रल बैंक शाखा में भी नजर आ रहा जहां लोगों को वित्तीय लेन?देन कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि अंचल का एकमात्र पुराना बैंक शाखा होने के वजह से यहां 50 हजार से भी ज्यादा खाताधारक है और प्रतिदिन सैकडों से हजारों लोग 20 किमी.दूर दूर से इस भयंकर तपती धूप में पैसा जमा निकासी के साथ साथ, खाता होल्ड खुलवाने, आधार लिंक, इकेवाईसी कराने,माताएं महतारी वंदन का पैसा निकालने, स्टेटमेंट,ऋण जैसे विभिन्न कार्यों के लिए बैंक पहुंच रहें है पर घंटों लाईन में लगने के बाद भी उनका काम नही हो पा रहा। दरअसल इस शाखा में कैश? की समस्या तो बिल्कुल आम बात है अब इसके साथ साथ यहां के अधिकारी कर्मचारी लंबी छुट्टी पर रहने लगे हैं ऊपर से यहां पहले से ही स्टाफ की कमी के वजह से बैंक में भींड़ बनी रहती है और स्टाफ बैंक छोंड़कर कैश की तलाश में लगे रहतें है और लोग बैंकों के बाहर उनके आने का इंतजार ।

कैश की कमी के वजह से पैसा निकासी के साथ साथ अब साहब नही आने पर आधार लिंक, ईकेवाईसी न होने के वजह से माताएं राज्य सरकार द्वारा डाली जा रही महतारी वंदन की राशि नही निकाल पा रही वहीं एक बुजुर्ग ने बताया कि एक हफ्ते पूर्व बैंक स्टेटमेंट निकालने उनके द्वारा आवेदन देने के बाद भी यहां उपस्थित अधिकारी द्वारा यह कहकर वापिस भेज दिया गया कि हम 10 पेज से ज्यादा वाले का स्टेटमेंट नही देते जब मैनेजर साहब आएंगे तब उनसे ले लेना। अब कितने पेज तक का स्टेटमेंट देने का अधिकार सेंट्रल बैंक या आरबीआई ने इन अधिकारी को निर्धारित किया है यह यहां के ब्रांच मैनेजर ही बता पाएंगे। वहीं ग्राहकों ने यह भी बताया कि अंदर एसी पंखा में बैठे अधिकारी इन खाताधारकों की मजबूरी और परेशानी नही समझ रहे वो तो कल आओ, परसों आना, ब्रांच मैनेजर छुट्टी से वापिस आएंगे तो उन्ही से काम करवाना, प्रिंटर खराब है यह सब कहकर वापिस भेज रहे जिससे खाताधारक सैंट्रल बैंक की कार्यप्रणाली व शाखा कर्मियों के अड़ैल रवैये और मनमानी से परेशान होकर अन्य बैंको में खाता खुलवाने मजबूर हैं?। आखिर कब तक खाताधारक तपती धूप में इस तरीके से रोज भटकते रहेंगे ? कब सेंट्रल बैंक के क्षेत्रिय उच्च अधिकारी इस मामले में संज्ञान लेकर लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास करेंगे ? या फिर ऐसे ही इस बैंक की लचर व्यवस्था के साथ डिजीटल भारत का सपना आम आदमी देखता रहेगा यह सवाल का विषय है ।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय आईटीआई कोटा में प्लेसमेंट कैंप 13 जून को

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोटा में महाराष्ट्र राज्य के अरनव इन्फोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड पूणे द्वारा जेबीएम ग्रुप के 400 अप्रेंटिसशिप पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए है। 13 जून को सवेरे 11 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। आवेदन करने हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वी, 12वी, आईटीआई एवं डिप्लोमा है। आवेदक को शैक्षणिक योग्यता में कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### कलेक्टर 11 जून को लेंगे प्राचार्यों की बैठक

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** कलेक्टर अवनीश शरण 11 जून को दोपहर 3 बजे जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में जिले के शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यों की बैठक लेंगे। बैठक में हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा, बोर्ड परीक्षा परिणाम सत्र 2024-25 में जिले को टॉप-10 में लाने हेतु कार्ययोजना एवं विद्यालय के मूलभूत अधोसंरचना-भवन, मरम्मत, रंगाई, पुताई, शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में प्राचार्यों को अपने विद्यालय की आवश्यक जानकारियों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। साथ ही बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### शहीदों दिवस पर पिथौरा मे शरबत वितरण




**बसना( समय दर्शन )।** शहीदो के सरताज पाँचवी पातशाही धन धन श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पिथौरा बाबा दीप सिंग सेवा दल द्वारा छाबिल लगाकर ठंडा शरबत वितरण किया गया।

आपको बताते चलें कि, सिक्ख संगत द्वारा इस तरह के अनेक सेवा कार्य किये जाते हैं ।समय समय पर पिथौरा बाबा दीपसिंह सेवा समिति द्वारा गुरू जी की मीठी याद मे सेवा कार्य की जाती है।

गुरु जी के शहीदी दिवस पर जगह-जगह ठंडे-मीठे पानी व शरबत लोगों को पिलाया जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को कभी भी प्यासा न रखे। मुगल शासन काल के समय भारतवर्ष के गैर मुस्लिमों को जितनी यातनाएं दी गयी थी,, वह लब्जों से बयाँ नही की जा सकती । उस समय सिक्ख समाज के गुरूओं ने हिन्दुओं की रक्षा के लिए आगे आकर त्याग बलिदान दिया था।

### छद्म छात्रों का प्रवेश का मामला बना चर्चा का विषय




**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** शिक्षा की क्षेत्र में संस्थाओं के नित्य नये दांवों के बावजूद अपने क्षेत्र की कमियों पर कोई विशेषज्ञ मुद्दे को नहीं उठाना चाहता। बिलासपुर कलेक्टर का धन्यवाद की उन्होंने स्कूलों में डमी प्रवेश की जांच का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया। ऐसा बताया जाता है कि आचार संहिता के दौरान ही जिला शिक्षा अधिकारी के पास इस आशय की लिखित शिकायत हुई थी कि बिलासपुर के कुछ नामचिन स्कूलों में डमी एडमिशन का खेल जमकर चल रहा है। शिकायतकर्ता ने कोचिंग और डमी स्कूल के आपसी संबंधों को भी उजागर किया था। शिकायत में तीन स्कूलों का नाम लिया गया बताया जाता है ऐसा नहीं है कि सभी स्कूलों को डमी प्रवेश से लाभ हो रहा है उलट डमी प्रवेश के कारण कुछ स्कूलों को नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जिन स्कूलों का डमी प्रवेश के कारण नुकसान हो रहा है उनके संचालकों ने भी इस समस्याओं को मना है, पर वे खुलकर कुछ नहीं कहना चाहते। डमी प्रवेश केवल उन छात्रों ने नहीं लिया जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं, कुछ खिलाड़ी भी इस काम में शामिल हैं। ये वे युवा है जो खेल में रुचि होने के कारण बाहर किसी खेल अकादमी में भर्ती हो जाते हैं और स्कूल में डमी हो जाते हैं।

### सरायपाली वन विभाग की बड़ी कार्यवाही



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** महासमुंद वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत एवं अनिल भास्करन उप वन मंडलाधिकारी सरायपाली के निर्देशन में प्रत्युष टाण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर सरायपाली परिक्षेत्र अंतर्गत बेलटिकरी से सागरपाली मार्ग के बीच में वाहन की तलाशी के दौरान दिनांक 7.6.2024 को लगभग शाम 6 बज के 10 मिनट में टाटा 407 वाहन क्रमांक सीजी 05 डी 0804 को रोक कर जांच किया गया,जांच के दौरान उस वाहन पर गिला खैर प्रजाति का लकड़ी मिला। आरोपी अगस्ती वल्द आनंद जाति मेहेर,ग्राम कुड़ापाली(वाहन चालक), रमणी वल्द हाडू जाति महार ग्राम पधानपाली(सहयोगी)जिला बरगड़ उड़ीसा द्वारा टाटा 407 वाहन में भरी हुई गिला खैर लकड़ी के संबंध में किसी प्रकार का वैध कागजात नही होना बताया। उनसे गिला खैर लकड़ी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया गया की प्रशांत लुहराचट्टी के कहने पर रोहित प्रधान ग्राम कठारपाली एवं बबलू ग्राम तबडा के साथ उक्त लकड़ी को ग्राम मल्दामाल से लुहराचट्टी लुकुढाबा(प्रशांत ढाबा)के पास ले जाना बताया गया। गिला खैर लकड़ी से भरी टाटा 407 को अवैध लकड़ी परिवहन पर संलिप्त पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जब्त कर वाहन को राजसात हेतु प्राधिकृत अधिकारी को उपवनमंडलाधिकारी सरायपाली को प्रस्तुत किया गया। टाटा 407 में भरे जप्त वनोपज 201 नग,1.811 घ.मी.जिसका अनुमानित मूल्य 22041.00,टाटा 407 जिसका अनुमानित मूल्य 170000.00 कुल 192041.00 का आकलन किया गया है।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान

## संपादकीय...

**हाल में दिल्ली में बेबी केयर सेंटर में आग लगने से जो हादसा हुआ, उससे नर्सिंग होम और बेबी केयर सेंटर्स में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लग गए हैं। इस हादसे के बाद जांच में बहुत सारी खामियां मिल रही हैं। बेबी केयर सेंटर नर्सिंग होम के पंजीकरण पर संचालित किया जा रहा था और इसका लाइसेंस भी 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो चुका था। इसका रिन्यूअल नहीं कराया गया था। मौके पर आग बुझाने का कोई भी उपकरण मौजूद नहीं था और न ही किसी फायर फाइटिंग सिस्टम को लगाने का प्रयास किया गया था।**

**भगवती प्रसाद डोभाल**

आपातकालीन स्थिति में इमारत से बाहर निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था।

इस घटना ने लोगों को दिल्ली में संचालित अन्य निजी नर्सिंग होम, बेबी केयर सेंटर, निजी क्लिनिक और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। इन अस्पतालों और नर्सिंग होम को चलाने के लिए किन नियमों का पालन करना पड़ता है और कहां से लाइसेंस लेना पड़ता है; इस संबध में कुछ जानकारियां हैं- सबसे पहले दिल्ली में नर्सिंग होम चलाने के लिए दिल्ली सरकार के डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज से नर्सिंग होम एक्ट के तहत लाइसेंस लेना होता है।

डीजीएचएस कार्यालय में पंजीकरण के लिए आवेदन करना होता है। इसके



बाद डीजीएचएस कार्यालय की ओर से नर्सिंग होम बिल्डिंग का निरीक्षण किया जाता है; यदि बिल्डिंग नियमों के तहत सही पाई जाती है, तो नर्सिंग होम चलाने का लाइसेंस दिया जाता है। दिल्ली का मास्टर प्लान 2021 के तहत जांच की जाती है कि उस रेजिडेंशियल एरिया, जहां सड़क की चौड़ाई 9 मीटर या उससे अधिक हो, में क्या नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए स्वीकृति दी जा सकती है।

दूसरा, दिल्ली के फायर एक्ट के तहत फायर विभाग से नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए एनओसी तब लेनी होती है, जब उस बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर से ज्यादा हो। बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर या उससे कम हो, तब एनओसी की जरूरत नहीं होती। तीसरा, चाइल्ड बेबी केयर सेंटर के लिए अलग से परमिशन की जरूरत नहीं पड़ती। उसे नर्सिंग होम के तहत ही पंजीकृत कराकर लाइसेंस लेकर चलाया जा सकता है। डीजीएचएस के जरिए ही बेबी केयर सेंटर को भी नर्सिंग होम एक्ट में पंजीकृत कर सकते हैं।

बेबी केयर सेंटर चलाने के लिए प्रशिक्षित पीडियाट्रिशियन, स्पेशलिस्ट डॉक्टर और प्रशिक्षित नर्स की जरूरत होती है। डीजीएचएस द्वारा किसी भी नर्सिंग होम या अस्पताल को पहली बार तीन साल के लिए लाइसेंस दिया जाता है। लाइसेंस का समय खत्म होने से दो महीने पहले रिन्यूअल के लिए आवेदन करना चाहिए। इस बीच रिन्यूअल की अवधि समाप्त हो रही हो तो तब तक इंतजार करना चाहिए,जब तक डीजीएचएस से कोई सूचना नहीं आ जाती। लेकिन जब तक रिन्यूअल के लिए भेजे गए आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाता, तब तक अस्पताल और नर्सिंग होम संचालक अस्पताल चला सकता है। पंजीकरण या लाइसेंस अस्वीकृत होने के बाद ही उसको बंद किया जा सकता है। यदि डीजीएचएस कार्यालय देरी कर रहा है, तो विलंब की बाबत पूछताछ की जा सकती है।

दिल्ली नगर निगम या एनडीएमसी के नक्शे के हिसाब से ही बिल्डिंग बनानी पड़ती है। इस नक्शे और बिल्डिंग को देख कर ही डीजीएचएस की ओर से लाइसेंस दिया जाता है। उसके बाद ही नगर निगम या एनडीएमसी उस बिल्डिंग से हाउस टैक्स लेता है। नर्सिंग होम एक्ट के अनुसार 100 वर्ग मीटर के किसी भी प्लाट पर बनी बिल्डिंग में अस्पताल संचालित कर सकते हैं।

# मोदी के लिए बड़ी चुनौती, क्या करेंगे?

**हरिशंकर व्यास**

संभव नहीं। वे समय और मिजाज दोनों में बंधे हैं। समय ग्राफ के लुढ़कने का है। 2024 के जनादेश ने नरेंद्र मोदी को एक तरह से बर्फ की सिल्ली बना दिया है जो सियासी गर्मी में पिघलनी ही है। वे सत्ता में चाहे जितना रहें, लोगों में असंतोष और गुस्सा निरंतर बढ़ना है। मोदी की तीसरी कैबिनेट सत्ता और सत्ताखोरी में वक्त काटेगी। पहले सरकार में मोदी, अमित शाह दो का खेला था अब सबका खेला बनेगा। न महंगाई और बेरोजगारी में तनिक भी कंट्रोल संभव है और न शिक्षा, चिकित्सा और आवश्यक सेवाओं का सुधरना, उनका सस्ता होना मुमकिन है। ऊपर से दस साला भ्रष्टाचार की परतें धड़ाधड़ खुलनी हैं।

ऐसे में नरेंद्र मोदी क्या करेंगे? वे चौबीस घंटे दिन रात इस चिंता में रहेंगे कि कैसे पुराना दस साला राज वापिस लौटे। वह राज जिसमें एकक्षत्रता थी। किसी की कैबिनेट में बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। ईडी, सीबीआई आदि का जिधर चाहे हथौड़ा चला देते थे। अदालतें चिंता करती और घबराती थीं। हर दिन मीडिया भगवान का नया श्रृंगार दिखाता होता था। प्रतिदिन सुबह-शाम आरती उतरती थी। चिंता, असहजता और मिजाज की मजबूरी में नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता लोकसभा में भाजपा के सासंदों की संख्या को 275 पार बनाने की होगी। मुश्किल है उनके लिए जो उनके साथ साथ चंद्रबाबू व नीतीश कुमार फोटो में नजर आएं। सुबह, शाम, संसदीय सत्र में रोज विपक्ष का शोर सुनें। इसलिए फोटो फ्रेम से नीतीश व चंद्रबाबू को आउट करना जरूरी है। पर वे इनका हाथ पकड़ कर इन्हें बाहर नहीं कर सकते तो डांटना, बोलना भी संभव नहीं।

मोदी के लिए बड़ी चुनौती इसी साल होने वाले तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। उनमें में नरेंद्र मोदी का जादू फिर फेल हुआ तो क्या करेंगे? इसलिए बिहार के चुनाव तक मोदी को नीतीश कुमार की छाया में रहना है। उधर दक्षिण भारत के सारे राज्य और उनके मुख्यमंत्री व सांसद केंद्र से पैसे लेने, जीएसटी के मुद्दे और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मामले में चंद्रबाबू को आगे रख कर अपना एजेंडा साधेंगे। इससे उत्तर भारत में भाजपा फुस्स होगी। भाजपा की प्रदेश सरकारों को लाले पड़ने हैं। संभव है एक जुलाई से लागू होने वाली नई आईपीसी पर भी दक्षिण में झमेला हो। इन स्थितियों में नरेंद्र मोदी क्या अटल बिहारी वाजपेयी की तरह अपने को लचीला, सभी के साथ फ्रेम में होने वाला, समावेशी बन सकते हैं? नामुमकिन। उनका अगला टर्निंग प्वाइंट हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों का होगा।

# मोदी का तीसरा कार्यकाल, गठबंधन सरकार से उम्मीदें और चुनौतियां

**सत्ता और विपक्ष - दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है।**



नई सरकार ने शपथ ले ली है। नई उम्मीदें हैं और चुनौतियां भी बेशुमार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में भाजपा अकेले बहुमत के पार थी। इस बार जबकि राजग लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता है, उनके साथ तालमेल बनाकर चलने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना तीसरा कार्यकाल समझौतावादी जनादेश के साथ शुरू किया है। नतीजतन, मोदी के 72 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगियों के 11 मंत्री हैं। साथ ही, देश को मजबूत विपक्ष मिला है। नीतियों को लागू कराने के दौरान सरकार को विपक्ष को साथ लेकर चलना होगा। मजबूत विपक्ष सामने है। इससे विपक्ष और असहमति जताने वाली आवाजों को कुछ राहत मिलेगी। सत्ता और विपक्ष ङ्क दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है।

राज्यों में प्रभावी दलों के साथ सत्ता साझा करने से मोल-भाव की गुंजाइश बढ़ जाती है। लेकिन देश के सामने मोदी की सत्ता की मूल प्रकृति सामने है, जो फैसलों में दृढ़ संकल्प वाली है। गठबंधन धर्म इस प्रकृति को लेकर एक गहन विश्लेषण की मांग करेगा। गठबंधन सहयोगियों की राज्य स्तरीय राजनीति के नजरिए से देखा जाए तो कम से कम अगले चरण के विधानसभा चुनावों तक तस्वीर मोदी के पक्ष में है। तेलगुदेसम पार्टी अपने राज्य में आराम से बैठी है। जद (एकी) को अगले साल विधानसभा चुनावों तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा की जरूरत है। लोजपा के चिराग पासवान और फिर से उभर रहे राजद की चुनौती सामने है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे भाजपा के दम पर मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जद (सेकु), रालोद और राकांपा जैसे अन्य गठबंधन सहयोगी अपने फायदे के लिए सौदेबाजी से परे कोई प्रभाव नहीं डाल सकते।

देश में बीते तीन दशकों के आर्थिक उदारीकरण के दौर में लोगों की आकांक्षाओं में वृद्धि हुई है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यक्रमों ने इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। विकसित भारत का नारा लोगों के सामने है। लेकिन यह हकीकत भी है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए रोजगार पैदा करने, कौशल विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने जैसे काम अभी शुरू ही हुए हैं। कई मोर्चों पर नीतियां अभी तय हुई हैं। जाहिर है, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां बड़ी हैं। सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के अधिकांश बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से बढ़ने की बात रखी है। इसका चिंताजनक पहलू यह भी है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ कदम मिलाकर नहीं चल पा रही है। मनरेगा योजनाओं पर निर्भरता भी बढ़ी है। स्पष्ट है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेहत को बहाल करना ही होगा और बुनियादी स्तर पर ही बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। जाहिर है, जनप्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजने वाला मतदाता उम्मीद करेगा कि लोकतांत्रिक ढांचे में सभी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। बिना किसी राग और द्वेष, भय एवं पक्षपात के।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री के कामकाज के तरीके में कुछ बदलाव देखा जा सकेगा। केवल इसलिए नहीं कि उन पर लगातार गठबंधन का दबाव बना रहेगा, बल्कि इसलिए भी कि इस लोकसभा का चुनाव भाजपा उनके नाम पर लड़ी थी। प्रधानमंत्री ने खुद अपने नाम से बहुत सारे कामों की गारंटी दी है। उन गारंटियों को पूरा करने का दायित्व उन पर ही है। उन्हें पूरा करने के लिए नए ढंग से रणनीति बनानी होगी। उसमें स्वाभाविक ही सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की जरूरत पड़ेगी। घटक दलों ने सत्ता की बागडोर उनके हाथ में सौंपी है, तो जाहिर है कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। विभागों आदि के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है। इसलिए जो विभाग भाजपा से इतर दलों को मिलेंगे, वे प्रधानमंत्री की नीतियों और योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। कोई भी सरकार तकरार से चल नहीं सकती और न उससे किसी दल को लाभ मिलता है। इसलिए घटक दलों को यह बात अच्छी तरह पता है कि सरकार की उपलब्धियों पर ही उनकी भी सफलता और विफलता निर्भर करती है। यह जरूर है कि पिछली दो सरकारों के समय जिस तरह प्रधानमंत्री और उनके मंत्री फैसले करते, नीतियों का निर्धारण करते रहे हैं, अनेक मौकों पर विधेयकों को बिना उचित बहस के पारित करा लिया गया, अब वैसा संभव नहीं होगा। इसलिए कि सदन में एक मजबूत विपक्ष भी मौजूद रहेगा और उसकी बातों की अनदेखी करना संभव नहीं होगा।

# अदालत की टिप्पणी मायनेखेज

राजधानी दिल्ली में पानी की भारी किल्लत पर सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी मायनेखेज है। शीर्ष अदालत ने इसी के मद् देनजर हिमाचल प्रदेश को 7 जून को दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़ने का निर्देश दिया।

साथ ही हरियाणा से कहा कि वह दिल्ली तक पानी का सुगम प्रवाह सुनिश्चित करे। दरअसल, दिल्ली में पानी की घनघोर किल्लत पिछले एक महीने से लगातार बनी हुई है। पानी को लेकर दिल्ली में हिंसक झड़प भी हुई। यहां तक कि एक शख्स की मौत भी हुई।

दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता अतिशी ने पिछले हफ्ते हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध किया था। हकीकी तौर पर दिल्ली में पानी को लेकर हमेशा से राजनीति होती रही है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हो रहा था। एक तरफ भाजपा ने जहां दिल्ली सरकार को पानी के मसले पर लगातार घेरा और पानी की कमी को लेकर केजरीवाल सरकार की नाक में दम किए रखी। वहीं आम आदमी पार्टी का कहना है कि इस बार चूंकि गर्मी का कहर ज्यादा रहा इसलिए राज्य में पानी की जोरदार कमी महसूस की गई, मगर हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने मानवीय मूल्यों की परवाह नहीं की और दिल्ली की जनता को पानी के लिए तरसाया।

खैर, सर्वोच्च अदालत को इस बात का इल्म है कि पानी पर यहां जमकर राजनीति हो रही है। यही वजह है कि उसने इस मामले में राजनीति न करने की सख्त हिदायत दी है। बहरहाल, पानी की बर्बादी किस तरह की जाती है इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता है।

अगर लोगों में यह समझ पैदा हो जाए कि पानी का समझदारी से इस्तेमाल और इसे बचाने में ही भलाई है तो ऐसी दुर्गति से बचा जा सकता है। यह शात सत्य है कि पानी को बचाया जा सकता है, मगर पानी बनाया नहीं जा सकता है।

वैसे भी जल संकट दिल्ली की बड़ी और काफी दिनों की समस्या है। इससे निपटने का कोई युक्तसंगत उपाय हर हाल में तलाशना होगा। साथ ही अगर जो लोग पानी की बर्बादी करते पाए जाएंगे तो उन पर सख्ती भी की जानी चाहिए। पानी की जरूरत का अहसास तभी होता है जब यह नहीं मिलती है। इस बात को हमें समझना ही होगा।

# आज का राशिफल




**मेष राशि**-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नए रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाएंगे।

**शुभ रंग- बैंगनी**

**शुभ अंक- 2**

**वृष राशि**-आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा आपको अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। जल्द ही सफलता मिलने के योग है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने का मन बनाएंगे। परिवार वालों का सहयोग मिलेगा।

**शुभ रंग- ग्रे**

**शुभ अंक- 5**

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित करेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरा खिल उठेंगे। दांपत्यजीवन में खुशहाली बनी रहेगी, जीवनसाथी की बात मानेंगे तो रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरी बनाकर रहेगा। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

**शुभ रंग- नीला**

**शुभ अंक- 2**

**कर्क राशि**-आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। पहले किये हुए निवेश का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें ज्यादा भावुक होने से बचे। आज आपको तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। जिससे काम आसानी से पूरा हो जायेगा। घर के साफ-सफाई में समय व्यतीत होगा।

**शुभ रंग- पीला**

**शुभ अंक- 4**

**सिंह राशि**-आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जाएंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें। शाम को बच्चों के साथ समय बितायेंगे, जिससे दिन भर की उलझने समाप्त हो जाएंगी। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपके प्रमोशन पर विचार करेंगे।

**शुभ रंग- हरा**

**शुभ अंक- 6**

**कन्या राशि**-आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा उपहार देंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नए स्त्रोत मिलेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आज किसी कॉलेज से आपको टीचिंग के लिए ऑफर मिलने वाला है। स्टेशनरी का काम कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

**शुभ रंग- गोल्डन**

**शुभ अंक- 8**

**तुला राशि**-आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को थोड़ा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। विवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जाएंगे। आज जीवनसाथी आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

**शुभ रंग- काला**

**शुभ अंक- 6**

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आप आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए नया प्लान बनाएंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी। आज किसी पर तुरंत भरोसा न करें, वरना कोई आपके सीधेपन का फायदा उठा सकता है। आज तब-तक अपने विचार व्यक्त न करें जब-तक आवश्यकता न हो।

**शुभ रंग- नीला**

**शुभ अंक- 1**

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है, तो फायदा होने वाला है। भाग दौड़ के कारण आज आपको आलस्य महसूस होगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी के दिलों को अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकते है, जिससे पूरे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

**शुभ रंग- पीला**

**शुभ अंक- 6**

**मकर राशि**-आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा।

**शुभ रंग- गुलाबी**

**शुभ अंक- 4**

**कुंभ राशि**-आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जाएंगें, जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नए व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। दांपत्यजीवन आज खुशहाल रहने वाला है। लवमेट आज डिनर पर जाने का प्लान बनाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**शुभ रंग- नीला**

**शुभ अंक- 7**

**मीन राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। दोस्तों के साथ आज आप पार्टी करने का मन बनाएंगे। आज आपको दूसरों से बात करते समय अपने भाषा पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। जीवनसाथी आज प्रसन्न होने की वजह देंगे। ग्राफ़िक डिजाईनर के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, कोई डिजाईन क्लाइंट को पहली बार में ही पसंद आ जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान बोला- भारत के साथ चाहते हैं सहयोगात्मक संबंध

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी के रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने से एक दिन पहले पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत सहित भी पड़ोसियों के साथ सहयोगात्मक संबंध बनाना चाहता है और बातचीत के जरिए विवादों का समाधान चाहत है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की ओर से आ रही मुश्किलों और बयानबाजी के बावजूद पाकिस्तान जिम्मेदाराना तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने हमेशा भारत सहित सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगी संबंध बनाने की इच्छा जाहिर की है। हमने जम्मू-कश्मीर के मुख्य विवाद सहित लंबित मुद्दों के समाधान के लिए रचनात्मक बातचीत की हमेशा वकालत की है। भारतीय संसद ने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया था। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी जैसे संबंध चाहता है और इस बात पर जोर देता रहा है कि इस तरह के संबंध के लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है। बलोच ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में भरोसा करता है। हमें उम्मीद है कि भारत पाकिस्तान और भारत के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए शांति और वार्ता की प्रगति और लंबे समय से चल रहे विवादों के समाधान के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कदम उठाएगा। मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद पाकिस्तान की उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर बलोच ने कहा, यह सवाल जल्दबाजी है, क्योंकि सरकार गठन की प्रक्रिया चल रही है। इसलिए मैं आपके सवाल पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हूं।

### पनामा विश्वविद्यालय के परिसर में बंदूकधारी ने छात्रों के समूह पर की गोलीबारी, एक की मौत

**पनामा सिटी , एजेंसी।** पनामा विश्वविद्यालय के एक परिसर में शुक्रवार अज्ञात बंदूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोलीबारी की। इस घटना में एक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्कूल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय के रेक्टर एडुआर्दो फ्लोरेस सी ने एक्स पर बताया कि गोलीबारी की घटना तब हुई जब कृषि विज्ञान के छात्रा राजधानी से करी ढाई सौ किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में वेरागुआस में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र में फील्ड वर्क कर रहे थे। क्षेत्रीय परिसर के निदेशक पेड्रो समानिएगो वहां मौजूद थे जब गोलीबारी हुई। हालांकि उन्होंने गोलीबारी नहीं देखी। समानिएगो ने कहा कि व्यक्ति सुबह 11 बजे के करीब प्रथम वर्ष के छह छात्रों के एक समूह के पास पहुंचा और बिना एक शब्द कहे गोली चला दी। एक छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक अन्य को गोली लगी और वह घायल हो गया।

### हूती ने संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों को बंदी बनाया

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के यमन में तैनात नौ कर्मियों समेत कई लोगों को हूती विद्रोहियों ने बंदी बना लिया है। बंदी बनाए गए सभी कर्मी यमनी मूल के हैं। संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को किन परिस्थितियों में बंदी बनाया गया और उन्हें कहां रखा गया है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। यमन के बड़े इलाके पर कब्जा किए हूती विद्रोही गाजा में इजरायली हमले के विरोध में बीते सात महीनों से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर रहे हैं। अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाला गठबंधन भी इन हमलों को रोक पाने में सफल नहीं हो पाया है। लेकिन इस दौरान अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने यमन में हूती के कब्जे वाले इलाकों पर लगातार हमले किए हैं और उसके संसाधनों पर प्रहार किया है। माना जा रहा है कि इस कारण आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हूती ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर हमला कर दबाव बनाने की कोशिश की है। इसके चंद रोज पहले हूती के कथित न्यायालय ने सऊदी अरब समर्थक 44 लोगों को मौत की सजा सुनाई थी। संयुक्त राष्ट्र के जो कर्मी बंदी बनाए गए हैं उनमें मानवाधिकार परिषद, विकास कार्यक्रम और खाद्य कार्यक्रम से जुड़े थे। एक विशेष दूत को भी बंदी बनाया गया है। बंदियों में एक महिला भी शामिल है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने इस घटनाक्रम पर अभी कोई बयान नहीं दिया है।

# 'मैं केवल उनसे बात करूंगा, जिनके पास असल ताकत' इमरान ने साधा निशाना



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का कहना है कि वे केवल उन्हीं लोगों से बात करेंगे, जिनके पास असल में शक्ति है। अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद खान ने अदियाला जेल में यह बातें कहीं। पत्रकारों से बात करते हुए खान ने आगे कहा कि सरकार के पास शक्ति नहीं है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, खान का निशाना पाकिस्तानी सेना पर था, जिसे सबसे वहां सबसे ताकतवर कहा जाता है।

**स्थिरता के बिना निवेश संभव नहीं निवेशः** इसके अलावा, खान ने कहा कि देश में आर्थिक पतन हो रहा है। स्थिरता के बिना देश में कोई निवेश संभव नहीं है। आगामी बजट से महंगाई और कर्ज बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक प्रतिशोध चल रहा है। मैं अपने वकीलों की मौजूदगी में ही सिफर मामले में एफआईए को जवाब दूंगा।

केजरीवाल का दिया उदाहरण

खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया। राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को अपनी पेशी के दौरान खान ने उन्हें प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल थे। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

खान ने शिकायत की कि आठ फरवरी को हुए पाकिस्तान के आम चुनाव से दूर रखने के लिए पांच दिन के अंदर ही उन्हें दोषी करार दे दिया गया। खान ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के लिए अध्यक्ष नियुक्त करना चाहिए।

# बांग्लादेशी सांसद अनार की हत्या के एक आरोपी को नेपाल ने भारत को सौंपा, लंबे समय से था फरार

**काठमांडू , एजेंसी।** कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद की हत्या का मामला इन दिनों चर्चाओं में हैं। हत्याकांड से जुड़े एक आरोपी को नेपाल ने आज भारत को प्रत्यर्पित कर दिया है। आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। बता दें, हत्या के बाद हुसैन नेपाल फरार हो गया था, जिसे नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया था। नेपाली मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश पुलिस चाहती थी कि हुसैन को उनके हवाले किया जाए लेकिन नेपाल ने उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के चार सदस्य हुसैन को लेने काठमांडू गई थी। टीम ने नेपाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की और उनसे हुसैन को निर्वासित करने का अनुरोध किया लेकिन नेपाल ने उनके अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया। क्योंकि नेपाल और बांग्लादेश के बीच ढाका के साथ कोई भी प्रत्यर्पण संधि नहीं है।

बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे। उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे और शहर के उत्तरी इलाके में बारानगर में अपने दोस्त के घर पर ठहरे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने गए लेकिन वापस नहीं लौटे। मामले का खुलासा 18 मई को हुआ, जब बांग्लादेशी सांसद के परिचित गोपाल बिस्वास ने थाने में उनके लापता होने की जानकारी दी। अनार कोलकाता में बिस्वास के घर पर ही रुके थे। बिस्वास ने दावा किया कि सांसद 17 मई से उनके संपर्क में नहीं थे। इसलिए उन्होंने एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। उनका कोई पता नहीं है। पुलिस का मानना है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी। वहीं, हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक से मुलाकात की थी। यह व्यक्ति बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पश्चिम बंगाल के एक इलाके का निवासी है। पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान बताए बिना कहा कि जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति सांसद से क्यों मिला और उन्होंने क्या चर्चा की थी।

# यूक्रेन की बमबारी में 2 बच्चों समेत 22 नागरिकों की मौत : रूस

**मास्को , एजेंसी।** यूक्रेनी सेना ने रूस के खेरसॉन के सदोवोये गांव में एक स्टोर पर बमबारी की। इस हमले में कम से कम 22 नागरिक मारे गए। इसकी जानकारी क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने दी। न्यूज एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, साल्डो ने बताया कि शुक्रवार को हमले के समय स्टोर के अंदर काफी संख्या में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। हमला दो बार किया गया। रिपोर्ट में साल्डो के हवाले से कहा गया, पहला हमला एक फ्रांसीसी हवाई बम से किया गया, और दूसरा अमेरिकी हिमार्स मिसाइल से किया गया। साल्डो ने कहा, पहली बार जब हमला हुआ तो लोग अपने घरों से निकल कर पीड़ितों की मदद के लिए बाहर भागे। थोड़ी देर बाद, हिमार्स मिसाइल से हमला हुआ। हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को दो साल से ज्यादा का वक्त हो गया है और यह जंग समय के साथ खतरनाक मोड़ ले रही है। हाल ही में यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कराने पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देश जर्मनी को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। पुतिन ने कहा कि जिस तरह से यूक्रेन की मदद की जा रही है, युद्ध के लिए हथियारों की आपूर्ति हो रही है, अगर यह सब नहीं रुका तो हमारे बीच के संबंध समाप्त हो जाएंगे।

# पाकिस्तानी कारोबारी का दावा- मोदी का फिर सत्ता में आना भारत के अलावा पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता की गारंटी





**वाशिंगटन , एजेंसी।**
पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं। पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, मोदी एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने ब्रिक्स और जी-20 जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम किया है। भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती पर संदेह करने वालों को चुनावों ने चुप करा दिया है।

# यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस



**पेरिस , एजेंसी।**
फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा और उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। मैक्रों ने गुरुवार शाम को कहा, हम एक नये सहयोग की शुरुआत करेंगे और मिराज 2000-5एस भेजेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि फ्रांसीसी नेता ने 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया, जिसे युद्ध के मैदान में तैनात किया जाना है।

उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी से तनाव नहीं बढ़ेगा और वादा किया कि इनका इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-उद्देशीय, एक इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे दासो एविएशन द्वारा बनाया गया है।

फरवरी के अंत में पेरिस में एक बैठक के दौरान, मैक्रों ने सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सैनिकों को भेजना चाहिए। लेकिन जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इटली सहित कई अन्य यूरोपीय देश उनकी राय से सहमति नहीं हुए। फरवरी में मैक्रों की टिप्पणियों के बाद, रूस ने चेतावनी दी कि यदि नाटो यूक्रेन में सैनिकों को भेजता है तो संगठन और रूस के बीच सीधा संघर्ष शुरू हो सकता है।

इससे पहले गुरुवार को, मैक्रों ने डी-डे लैंडिंग की 80 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उत्तरी फ्रांस में नॉर्मंडी के ओमाहा बीच पर एक समारोह की अध्यक्षता की। फ्रांसीसी मीडिया बीएफएमटीवी के एक लाइव प्रसारण के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की सहित लगभग 20 राष्ट्राध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

समारोह के लिए फ्रांस जाते समय अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा था कि अमेरिका यूक्रेन में सैन्य सलाहकारों को नहीं भेजने की अपनी नीति पर कायम रहेगा। फ्रांसीसी तट पर 6 जून 1944 को नॉर्मंडी लैंडिंग द्वितीय विश्व युद्ध में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ था और नाजी जर्मनी के खिलाफ मित्र देशों की जीत का मार्ग प्रशस्त किया था।

# मंगल ग्रह पर दिखा बहुत बड़ा रहस्यमयी गड्ढा

## हो सकता है इंसानों के रुकने की जगह, वैज्ञानिक हैरान

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
स्पेसएक्स के अरबपति संस्थापक एलन मस्क मंगल ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर प्रयासरत हैं। उनके इन प्रयासों के बीच मंगल ग्रह पर एक चौंकाने वाला गड्ढा दिखा है। ग्रह पर एक प्राचीन ज्वालामुखी के किनारे दिखे इस रहस्यमयी गड्ढे ने अंतरिक्ष के प्रति जुनून रखने वाले लोगों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। कहा जाता है कि मंगल ग्रह पर धूल भरी आंधी और तापमान में उतार-चढ़ाव आम बात है। लेकिन अब यह गड्ढा कैसे आया, इसको लेकर हर कोई जानने को उत्सुक है।



नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर पर तैनात हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग साइंस एक्सपेरिमेंट कैमरे द्वारा कैप्चर किया गया यह गड्ढा, अब विलुप्त हो चुके अर्सिया मॉन्स ज्वालामुखी के किनारे स्थित है और केवल कुछ मीटर चौड़ा है। अर्सिया मॉन्स ज्वालामुखी को अगस्त 2022 में खोजा गया था। अक्सर ऐसा होता है कि ज्वालामुखी से निकलने वाला लावा धरती पर बड़ी-बड़ी नालियां बना देता है। ज्वालामुखी के किनारों पर विभिन्न छेदों का दिखना आम बात है, लेकिन यह गड्ढा थोड़ा अलग प्रतीत हो रहा है।

हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि ये बड़ा सा छेंद क्या है। लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक गुफा या कई सारी गुफाओं की ओर ले जाने वाला रास्ता हो सकता है। अगर मंगल ग्रह चंद्रमा या पृथ्वी जैसा निकलता है, तो ये लावा से बनीं खाली चौड़ी नालियां बंजर पड़े इस ग्रह पर मानव बस्तियों के लिए शरण प्रदान कर सकती हैं। इन नालियों को स्काईलाइट्स कहा जाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर भविष्य में इंसान मंगल ग्रह पर जाते हैं तो इन गड्ढों के अंदर उनकी बस्तियां बसाई जा सकती हैं।

हालांकि, नासा ने गड्ढों में से एक की तस्वीर जारी की है। इसमें एक साइडवॉल दिखाई दे रही है, जो यह दर्शाता है कि यह बेलनाकार है और शायद किसी गुफा की ओर नहीं जाता है। इस तरह के गड्ढों को पिट क्रेटर कहा जाता है और हवाई ज्वालामुखी पर ये काफी आम हैं। पृथ्वी पर, ये छह से 186 मीटर तक गहरे होते हैं, जबकि तस्वीर में अर्सिया मॉन्स ज्वालामुखी का गड्ढा 178 मीटर गहरा है। इस तरह के गड्ढे वैज्ञानिकों को आकर्षित करते हैं क्योंकि ये मंगल ग्रह पर पिछले जीवन के बारे में सुराग दे सकते हैं और यह निर्धारित करने में मदद कर सकते हैं कि ग्रह पर अभी भी सूक्ष्मजीवी जीवन मौजूद है या नहीं।

# अपोलो-8 के अंतरिक्ष यात्री रहे विलियम एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत, बेटे ने दी जानकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अपोलो-8 के अंतरिक्ष यात्री रहे विलियम एंडर्स की सैन जुआन द्वीप में विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उनके बेटे ग्रेग ने इसकी जानकारी दी। 90 वर्षीय एंडर्स अपने विंटेज एयर फोर्स टी-34 मेंटर पर सवार थे। उनका विमान वॉशिंगटन से सैन जुआन द्वीप की तरफ जाने के दौरान पानी में गिर गया। सोशल मीडिया पर विमान दुर्घटना की तस्वीरें सामने आई हैं।

यूनाइटेड स्टेट्स कोस्ट गार्ड पैसिफिक नॉर्थवेस्ट के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह के 11:45 बजे घटी। बता दें कि विलियम एंडर्स ने 1968 में एक अर्थराइज की अद्भुत तस्वीर ली थी। सोशल मीडिया पर यूजर्स उनकी मौत पर शोक जता रहे हैं।

# सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए बाइडन ने मांगी यूक्रेन से माफी, कहा- हम आपका साथ नहीं छोड़ेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से माफी मांगी। बाइडन ने माफी तब मांगी, जब शुक्रवार को जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य पैकेज की घोषणा की। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा कि आप जैसे लड़ रहे हैं वह अद्भुत है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच दो वर्षों से अधिक समय से संघर्ष जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जेलेंस्की से कहा, आप झुके नहीं हैं। आप जैसे लड़ रहे हैं, वह अद्भुत है। आप ऐसे ही लड़ना जारी रखें। हम आपका साथ नहीं छोड़ने वाले हैं। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें जो बिल पारित करवाना है, उसके लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहे है।



**सैन्य पैकेज में देरी को लेकर बाइडन ने मांगी माफीः** सैन्य पैकेज में देरी के लिए उन्होंने यूक्रेन से माफी मांगते हुए कहा, फंडिंग को लेकर क्या परशानी है, मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। जिस बिल को हम पारित कराना चाहते थे, उसके लिए हमें परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ ऐसे लोग भी इसमें शामिल थे, जो इसे रोक कर बैठे थे। लेकिन हमने सब ठीक कर दिया है। बाइडन ने आगे कहा, तब से आज तक मैंने छह पैकेज की घोषणा की है। आज मैं विद्युत ग्रिड के पुनर्निमाण के लिए 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक अतिरिक्त पैकेज पर भी हस्ताक्षर कर रहा हूं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के लिए सभी देशों को आमंत्रित किया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस द्वारा अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को वापस लाने के लिए समय खत्म हो रहा है। इसी के साथ उन्होंने आरोप लगाया कि रूस बच्चों को उनकी मातृभूमि से नफरत करना सिखा रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि पूरी दुनिया एकसाथ आकर सद्भाव के साथ काम करने में सक्षम होना चाहती है।

**शांति सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे राष्ट्रपति बाइडनः** जेलेंस्की ने बताया कि करीब 100 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। उन्होंने परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को बचाने पर जोर दिया। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। उप राष्ट्रपति कमला हैरिस इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए अगले हफ्ते स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होगी।

# शहबाज शरीफ ने चीनी प्रधानमंत्री से की मुलाकात, सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करने की खाई कसम

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और पाकिस्तान ने कसम खाई कि वे विरोधियों से सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करेंगे। पाकिस्तान ने चीन को आश्वस्त किया है कि वे परियोजना में काम कर रहे चीनी कर्मियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेंगे। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान शुक्रवार को उन्होंने चीनी प्रधानमंत्री ली-कियांग से मुलाकात की। बता दें, शरीफ चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा पर हैं। यहां वे 65 अरब डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कॉरिडोर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का प्रमुख हिस्सा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि शरीफ और कियांग ने सीपीईसी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में ग्वादर के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बलूचिस्तान के ग्वादर को एक क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र में बदलने के लिए सभी संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की।



# बिना किसी डिग्री के भी इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**आज का समय स्किल का है और इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास किसी चीज की डिग्री हो ही। अगर आप ज्यादा पढ़ाई नहीं की हैं, तो भी आप आगे बताए गए क्षेत्रों में अपना करियर चुन सकती हैं।**

आजकल स्किल का दौर है। इसमें बिना डिग्री के भी करियर बनाने के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं। जरूरी नहीं कि डिग्री हमेशा सफल करियर की ही गारंटी हो। ये पहले का समय था जब बिना नॉलेज वालों को भी डिग्री के बल बूते पर नौकरी मिल जाती है। हालांकि आज के समय में ऐसा नहीं है। जिस भी व्यक्ति के पास किसी तरह का कोई भी स्किल हो तो आज वह अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। जी हां, अब कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां आप बिना डिग्री के भी सफल हो सकते हैं। इसके लिए हमने यहां पर कुछ क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जिसके जरिए बिना डिग्री के भी करियर बनाया जा सकता है।

## फोटोग्राफी में करियर?

यदि आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप इसे पेशेवर रूप से भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो इ स्किल को और बेहतर बनाने के लिए आप ऑनलाइन कोर्स या वर्कशॉप के माध्यम से फोटोग्राफी सीख सकते हैं। इसके बाद बतौर फोटोग्राफर आप कहीं भी काम कर सकते हैं। आज के समय में तो लोग हर छोटी से छोटी फंक्शन की भी शूटिंग कराते हैं। ऐसे मौके पर आपकी स्किल काम आ सकती है। इसके लिए आपको अच्छी पेमेंट भी मिल सकती है। आप चाहें तो धीरे-धीरे करके अपनी स्टूडियो भी ओपन कर सकते हैं।

## एक्टिंग में बनाएं करियर?

अगर आपको एक्टिंग करने का शौक है, तो आप अपने टैलेंट को सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचा सकती हैं। इससे आप इंफ्लूएंसर की तरफ अपना रुख कर सकती हैं। आपको व्यूअर्स पसंद करेंगे, तो आपके फॉलोअर्स बढ़ेंगे। साथ ही, आपको सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से फिर पेमेंट आने भी शुरू हो सकते हैं। इसके अलावा, आप घर बैठे एक्टिंग सिखाने की क्लासेस भी शुरू कर सकती हैं।

## पेंटिंग में बनाएं करियर

अगर आपके अंदर पेंटिंग की स्किल है, तो आप इसमें बेहतर करियर बना सकती हैं। खास बात यह है कि इसके लिए आपको किसी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होगी। आप अपनी पेंटिंग बनाकर बेच सकती हैं। आपकी अच्छी पेंटिंग्स लाखों-करोड़ो रुपए में भी बिक सकती हैं। इससे आपको अपना आर्ट निखारने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑनलाइन या ऑफलाइन पेंटिंग लर्निंग क्लासेस भी ले सकती हैं। ऑफलाइन क्लास में आपको महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे। वहीं, ऑनलाइन में भी आप पेड क्लासेस ले सकती हैं। इससे आपको डबस फायदा हो सकता है।





# पाना चाहते हैं सरकारी नौकरी ...तो भारत में होने वाली इन परीक्षाओं की करें तैयारी

**सरकारी नौकरी की चाहत भारत में हर कोई रखता है। लोग सालों साल इनकी तैयारियों में लगे रहते हैं। सरकारी नौकरी पाने के बाद मानो लोगों के दिन बदल जाते हैं, जिस कारण देश की आबादी के लगभग 80 से 85 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे रहते हैं। अगर आप यूपी और बिहार से हैं तब तो सरकारी नौकरी का महत्व आपसे बेहतर कोई नहीं समझता होगा।**

जैसा की आपको पता है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कई एग्जाम देने होते हैं, अगर आपने एग्जाम क्वालीफाई किया तभी आप उस नौकरी को पा सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप किन एग्जाम को देकर सरकारी नौकरी पा सकते हैं।

## बैंक पीओ

अगर आप किसी सरकारी बैंक में काम करना चाहते हैं, तब आप बैंक पीओ के एग्जाम के जरिए सरकारी बैंक में काम कर सकते हैं। कुछ साल बैंक में पीओ के पद पर काम करने के बाद आपको असिस्टेंट मैनेजर का पद मिल जाता है, जिसके कुछ समय बाद आपको मैनेजर का पद भी मिल सकता है। इस पेपर को निकालने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग आनी चाहिए। इस पेपर में बैठने से पहले आपको जमकर मैथ्स और रीजनिंग की तैयारी कर लेनी चाहिए।

## एसएससी सीजीएल

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लगभग हर छात्र को एसएससी सीजीएल के विषय में जानकारी होती है। यह एग्जाम स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा लिया जाता है, जिसमें मेरिट के हिसाब से अलग-अलग मिनिस्ट्री में सरकारी नौकरी मिलती है। इस परीक्षा में 1 से लेकर 4 टियर होते हैं, एग्जाम क्वालीफाई करने के लिए आपको चारों टियर पास करने होते हैं। एसएससी के पेपर में आपको जनरल अवेयरनेस, रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और इंग्लिश कंप्रीहेंशन और मैथ्स के सवाल भर-भरकर मिलते हैं।

## आरबीआई ग्रेड बी

आरबीआई को भारत की एपेक्स बैंक कहा जाता है, जो अन्य सरकारी बैंकों को सुचारू रूप से चलाने का काम करती है। आप आरबीआई ग्रेड बी का एक्जाम देकर भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। इस एग्जाम को निकालने के लिए आपको रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, इंग्लिश लैंग्वेज और जनरल अवेयरनेस को अच्छे से तैयार करना होता है। अगर आप यह एग्जाम क्लियर करते हैं तो आपको आरबीआई ऑफिसर के पद पर काम करने का मौका मिलता है, जिसके बाद आप प्रमोशन पाकर डिप्टी गवर्नर भी बन सकते हैं। इस नौकरी में सबसे ऊंची पोस्ट गवर्नर की होती है, जहां तक बहुत कम लोग पहुंच पाते हैं।

## सीडीएस

यह एक्जाम यूपीएससी द्वारा ही लिया जाता है। अगर आप आर्मी में ऊंचे पदों पर जाना चाहते हैं तो इस एग्जाम को क्वालीफाई करके जा सकते हैं। इस एग्जाम को पास करने के बाद आप इंडियन मिलिट्री अकादमी, इंडियन नेवल अकादमी, ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी और इंडियन एयर फोर्स अकादमी में जा सकते हैं। इस एग्जाम के लिए आपको इंग्लिश, जनरल नॉलेज और एलिमेंट्री मैथ की अच्छी नॉलेज होनी चाहिए।

## स्टेट पीसीएस

स्टेट पीसीएस का सिलेबस यूपीएससी से थोड़ा सा कम मुश्किल होता है, तो अगर आप यूपीएससी की तैयारी करते हैं तो इस परीक्षा में भी बैठ सकते हैं। इस परीक्षा को स्टेट सर्विस कमीशन के द्वारा कराया जाता है, जिसमें हर राज्य का एग्जाम पैटर्न अलग-अलग होते हैं। बाकी जानकारी के लिए आप किसी भी राज्य की स्टेट सर्विस कमीशन की ऑफिशियल साइट पर भी जा सकते हैं।



## सीएपीएफ

आपको बता दें की यह एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है, जिसे क्वालीफाई करने के बाद आप अलग-अलग आर्मी फोर्स में जा सकते हैं। इस एग्जाम से आप सीधे असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर जाते हैं।

## एलआईसी

एलआईसी का नाम तो हम सभी ने सुना है, आप इसका एग्जाम क्वालीफाई करके भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। यह एक नेशनल लेवल एग्जाम होता है, जिसे पास करने के बाद आप एलआईसी में ऊंचे पदों पर काम कर सकते हैं। इस परीक्षा का सिलेबस अन्य परीक्षाओं के जैसा ही होता है, इसलिए अगर आप किसी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहें हैं तो इसके इस्जाम में भी बैठ सकते हैं।

यूजीसी नेट

अगर आप शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको यूजीसी नेट की परीक्षा देनी होगी। यूजीसी नेट एग्जाम क्वालीफाई करने के बाद आपकी आगे की रीसर्च की फंडिंग भी की जाती है। ज्यादा जानकारी के लिए आप यूजीसी की साइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं।



# एक साथ दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं, तो एक जॉब को इस तरह करें सेलेक्ट

**अगर आपने जॉब के लिए कई जगह इंटरव्यू दिया था और आपने दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं। तो ऐसे में आप उनमें से किसी एक जॉब को इन टिप्स को अपनाकर सलेक्ट करें।**

जीवन में तरक्की पाने के लिए एक अच्छी नौकरी पाने की इच्छा तो हम सभी की होती है। इसलिए, हम अलग-अलग कंपनियों में जॉब के लिए इंटरव्यू देते हैं। अक्सर हम सभी सिर्फ एक कंपनी में रिज्यूमे नहीं देते हैं, बल्कि हर अच्छी कंपनी में काम करने के लिए अवसर तलाश करते हैं। इंटरव्यू देने के बाद उसके रिप्लाई को आने में कुछ वक्त लग जाता है। अगर आप इंटरव्यू क्लीयर कर लेते हैं तो यकीनन बेहद खुशी होती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर, अगर एक साथ दो कंपनियों से जॉब ऑफर होती है तो यह स्थिति थोड़ी दुविधाजनक हो जाती है। इस स्थिति में यकीनन आपके लिए यह तय कर पाना मुश्किल होता है कि आप किस जॉब ऑफर को एक्सेप्ट करें और किसे रिजेक्ट। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में उलझी हुई हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने लिए एक परफेक्ट जॉब को सलेक्ट कर सकती हैं-

## लॉन्ग टर्म के बारे में सोचें

जब आप किसी जॉब ऑफर को हां कहने जा रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लॉन्ग टर्म करियर के बारे में सोचना चाहिए। यूं तो जॉब को जल्दी भी स्विच किया जा सकता है, लेकिन जब आप एक कंपनी में जुड़ते हैं तो लंबे समय तक काम करना काफी अच्छा रहता है। इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज भी बेहतर होती है। इसलिए, किसी भी जॉब को सलेक्ट करने से पहले आपको यह देखना चाहिए कि लॉन्ग टर्म में आपको इस जॉब में आगे बढ़ने के कितने अवसर मिलेंगे।

## काम और पर्सनल लाइफ पर करें गौर

हर जॉब की अपनी अलग जरूरतें होती हैं और इसलिए जब आप किसी जॉब को सलेक्ट करें तो यह देखें कि आपका काम आपकी पर्सनल लाइफ को किस तरह इफेक्ट कर रहा है। यकीनन आप अपने करियर में बेहतर ग्रोथ चाहती हैं लेकिन इसके लिए आपकी पर्सनल लाइफ डिस्टर्ब नहीं होनी चाहिए। इसलिए, जब भी आप किसी जॉब ऑफर को सलेक्ट करें तो यह अवश्य देखें कि आपकी ऑफिस टाइमिंग, काम व वर्क प्रोफाइल आपके पर्सनल लाइफ पर किस तरह असर डालेगा।

## सिर्फ सैलरी पर ही ध्यान ना दें

जब हमे दो जॉब के ऑफर मिलते हैं तो यकीनन हमारा सबसे पहला फोकस सैलरी पर ही होता है। यकीनन सैलरी किसी भी जॉब सलेक्शन में एक अहम् भूमिका निभाती है। लेकिन सिर्फ सैलरी पर ही फोकस करके आप एक गलत डिसिजन ले सकती हैं। किसी भी जॉब को सलेक्ट करते समय आपको अपने काम, ऑफिस टाइमिंग, ऑफिस से घर की दूरी, पिकअप और ड्रॉप की फैसिलिटी जैसी अन्य कई छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। इससे आपके लिए काम की जगह पर अधिक कंफर्टेबल फील होगा।

## ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें

यूं तो किसी भी ऑफिस के माहौल के बारे में आप तभी जान पाती हैं, जब आप उस ऑफिस में काम करती हैं। लेकिन अगर आपको एक साथ दो जगह से जॉब ऑफर हुई है तो कोशिश करें कि आप उन दोनों कंपनी व ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें। मसलन, अगर आपका कोई जानकार उस ऑफिस में काम कर चुका है तो आप उनसे ऑफिस की खूबियों व खामियों के बारे में जानने की कोशिश करें। इसके अलावा, आप यह देखें कि उस ऑफिस में ज्वॉइन करने के बाद लोग कितने लंबे समय तक वहां पर काम करते हैं या फिर उस कंपनी में लोग जल्दी-जल्दी जॉब छोड़ते हैं। इस तरह आपको यह समझने में आसानी होगी कि उस ऑफिस में काम करना आपके लिए कितना सही है। इससे आप एक अधिक सटीक निर्णय ले पाएंगी।




**अक्सर लोग नौकरी न मिलने पर ऐसे स्कैमर के चक्कर में फंस जाते हैं जो आपके सपनों की नौकरी को दिलाने का वादा करते हैं। हाल ही में ऐसे कई स्कैम हुए हैं जिसमें नौकरी के लालच में लोग बुरी तरह फंस चुके हैं।**

# ऑनलाइन जॉब ढूंढ रहे हैं तो हो जाएं सावधान...

आजकल लोग नौकरी के लिए ऑनलाइन कई कंपनियों में अप्लाई करते हैं। ऐसे में लोगों के साथ स्कैम बहुत अधिक होने की संभावना होती है। जॉब देने की आड़ में स्कैमर्स लोगों से लाखों पैसे ले लेते हैं और लोग उनके जाल में बुरी तरह फंस जाते हैं। सोशल मीडिया की मदद से किसी कंपनी भी में अप्लाई करने पर स्कैम भी बहुत अधिक हो रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि आप कैसे इन ऑनलाइन स्कैम से बच सकती हैं।

## सोशल मीडिया पर करते हैं पोस्ट

इंस्टाग्राम पर या फेसबुक ऐसे कई पेज हैं जो जॉब वेकेंसी के बारे में पोस्ट करते रहते हैं। फेक अकाउंट जब नौकरी की वेकेंसी पोस्ट करते हैं तो वह एक फॉर्म की लिंक को भी अटैच कर देते हैं। इसमें वह निर्देशों का पालन करते हुए डिटेल्स को फिल करने के लिए जानकारी भी देते हैं। उसके बाद ऑनलाइन भुगतान के लिए भी कहा जाता है। ऐसे में आपको सतर्क रहना बहुत जरूरी है। जब भी आप ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फॉर्म भरें तो आपको कंपनी के वेबसाइट पर जाकर यह जरूर चेक करना चाहिए कि कंपनी में कोई वेकेंसी निकली भी है या नहीं। इसके अलावा आपको फॉर्म भरने पर अपने बैंक की डिटेल्स और पैसे का भुगतान नहीं करना चाहिए।

## विदेश में नौकरी का लालच

देश में नौकरी के अलावा कई बार लोग विदेशों में भी नौकरी लेने के लालच में बुरी तरह फंस जाते हैं। जालसाज लोगों को पैसे लेकर विदेशों में नौकरी करने के लिए भेज देते हैं जहां उन्हें बंधक तक बना लिया जाता है। ऐसे में नौकरी पाने के लिए किसी भी अनजान लोगों के झांसे में ना आएं और साथ ही अच्छे से जॉब के बारे में चेक करने के बाद ही कोई कदम उठाएं।

## कैसे रहें सुरक्षित?

जब सोशल मीडिया पर कोई फेक जॉब पर पोस्ट शेयर की जाती है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्लिकबेट हेडलाइन्स से लोगों को लुभाते हैं और पैसा लेकर गायब हो जाते हैं। आपको कंपनी का नाम ऑनलाइन सर्च भी देखना चाहिए और उस कंपनी से जुड़े हुए कॉन्टैक्ट मिले तो कॉल करके वेकेंसी के बारे में जरूर पूछना चाहिए। जब भी आप जॉब पोस्ट को देखें तो उसमें कोई ग्रामेटिकल मिस्टेक अगर आपको नजर आती है तो हो सकता है कि वह पोस्ट फेक हो क्योंकि अक्सर स्कैमर्स ज्यादा पढ़े नहीं होते और अंग्रेजी लिखने में गलती भी कर देते हैं इसलिए आपको इस बात का ध्यान रखते हुए ही सोशल मीडिया पर जॉब के लिए अप्लाई करना चाहिए।

## संक्षिप्त-खबर

### सियान सदन के वृद्धजनों ने की विधायक रोहित साहू के दीर्घायु जीवन की कामना




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने भिलाई स्थित सियान सेवा सदन पहुंच वृद्धजनों को फल वितरण किए। वृद्धजनों का साल भेट कर सम्मान किया। मौके वृद्धजनों ने विधायक रोहित साहू के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की।इसके पहले भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने वृद्धजनों को विधायक रोहित साहू ओर जन्मदिन की जानकारी दी।साथ ही उनका कुशलक्षेम भी जाना।वही जब क्षेत्र का विधायक कौन है,पूछा तो वृद्धजनों ने एक आवाज में जवाब दिया कि रोहित साहू, हम जानते है। सरल सौम्य व्यवहार के धनी। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, भाजपा आईटीसेल के जिला संयोजक सागर मयाणी मौजूद थे।

### दिव्यांगजन 11 व 12 जून को नजदीकी सामुदायिक अस्पताल जाकर कराएं दिव्यांगता का सत्यापन-सीएमएचओ डॉ पाणिग्राही



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही को समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र धारकों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण करने का निर्देश कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू से प्राप्त हुआ है, जिसके परिपालन में डॉ पाणिग्राही ने जिले के खंड चिकित्सा अधिकारियों को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 11 व 12 जून को शिविर आयोजित कर दिव्यांगों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है । सत्यापन अभियान के पहले दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बरमकेला विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया एवं स्वयं दिव्यांगजनों का सत्यापन किए । डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, चश्मा, श्रवण यंत्र एवं अन्य कृत्रिम अंग वितरण हेतु दिव्यांगों की सूची प्राप्त हुई है, जिनका सत्यापन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारियों को प्राप्त सूची के अलावा भी जो दिव्यांग इन सहायक उपकरणों के लायक हैं, उन्हें चिन्हांकित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है, जिससे कि भविष्य में इन्हे भी ये सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने इस शिविर में सभी पात्र दिव्यांगो को सत्यापन कराने की अपील की है ।

### महतारी वंदन योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

**दुर्ग (समय दर्शन)।** सरकार की महत्त्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से जिले के कई हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। जिनमें से एक ग्राम रानीतराई पाटन की निवासी श्रीमती शारदा नगारची महतारी वंदन योजना से बहुत खुश है। श्रीमती नगारची अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताती हैं, उन्हें योजना से हर माह 1 हजार रूपए की राशि मिलती है जिसे वह सुकन्या योजना अंतर्गत अपनी बेटी के नाम से जमा करती है और बाकी बच्चों की पढ़ाई में खर्च करती है। प्राप्त राशि से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और परिवार की देखभाल अब और अच्छे से कर पा रही है।

# सीईओ जिला पंचायत ने उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्टा, कोपेडीह एवं तुमड़ीबोड़ का किया आकस्मिक निरीक्षण



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्टा, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़ के पंचायत कार्यालयों, विकास कार्यों एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के उरईडबरी ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सचिव ग्राम पंचायत उरईडबरी को कई दिनों से पंचायत नहीं आने तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को मुख्यालयों में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी अधिक पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी और साफ-सफाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत सचिव कारण बताओ नोटिस और 250 रूपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्टा के ग्राम मनकी में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सचिव पर 250 रूपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अंजोरा में स्वच्छता दीदीयों को कचरा संग्रहण के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह प्रत्येक घर से 30-30 रूपए शुल्क दिया जाता है। सीईओ जिला पंचायत ने डोंगरगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोपेडीह के सचिव से पंजी संधारण की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालय को उपयोग में लाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में घर-घर कचरा संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी दुकानदारों के साथ यूजर शुल्क लेने के लिए अनुबंध करने के निर्देश दिया। साथ ही घर-घर से यूजर शुल्क भी संग्रहण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत से स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक तथा जनपद पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रायवेट स्कूलों को लाभ पहुंचाने जिला शिक्षा अधिकारी ने सरकारी हिन्दी माध्यम स्कूल को किया बंद : क्रिष्टोफर पॉल

### छग पैरेंट्स एसोसियेशन जाएगा न्यायालय



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की आड़ में हिन्दी माध्यम स्कूलों को बंद कर दिया गया, अब यह मामला तूल पकड़ने लगा है। राज्य शासन ने स्पष्ट आदेश दिया था कि जहां-जहां अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंभ किया जा रहा है, वहां पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम स्कूलों को किसी भी परिस्थिति में बंद नहीं किया जाएगा और अब माननीय उच्च न्यायालय ने भी हिन्दी माध्यम स्कूलों को आरंभ करने का आदेश दे दिया है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल द्वारा इस मामले को लेकर बीते दो वर्षो से लगातार मांग किया जा रहा है कि गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल और म्युनिसिपल स्कूल में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ किया जाए, क्योंकि इन दोनों स्थानों में जब अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंभ किया गया तो यहां पूर्व में संचालित हिन्दी माध्यम स्कूल को बंद कर दिया गया।

श्री पॉल का कहना है कि आदेशों की अवहेलना कर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने की नियत से सरकारी हिन्दी माध्यम स्कूलों को एक षड्यंत्र के तहत बंद किया गया है। श्री पॉल ने बताया कि वर्तमान में पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को इन दोनों स्थानों में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ करने की मांग की गई थी, लेकिन उन्होंने भी कोई रूचि नहीं दिखाया, इसलिए अब अंतिम बार कलेक्टर से इन दोनों स्थानों में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ करने निवेदन किया गया, क्योंकि शाला प्रवेश 18 जून को मनाया जाना है। अन्यथा हम जुलाई माह में न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेंगे, क्योंकि न्यायालय के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन न्यायालय के आदेश की अवज्ञा के समान है।

# महापौर मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर में पहुँचकर हितग्राहियों से की बात ,सबने सुविधा को सराहा

### हितग्राहियों ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांच व इलाज की बेहतर सुविधा



**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 5 नग मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसमे 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट सामान्य (महिला एवं पुरुष) दोनों के लिए है, तथा 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट (दाई दीदी क्लिनिक) का संचालन केवल महिलाओं के लिए किया जा रहा है। जिसे दुर्ग शहर अंतर्गत निगम द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के आधार पर शिविर में लगाया जाता है।

दाई दीदी क्लिनिक होने पर भ कुछ पुरुषों हितग्राही द्वारा यूनिट पर आकर चेकअप करवाने की मांग करते हैं उन्हें बताया जाता है कि यह गाड़ी केवल महिलाओं के लिए है पुरुष हितग्राहियों के लिए चिन्हांकित स्थल पर मेडीकल यूनिट लगाई जाती है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ वार्ड 42, 43, कसारीडीह एवं वार्ड 44 गुरुघासीदास वार्ड के मध्य कन्हैयापुरी चौक में दाई दीदी क्लिनिक का शिविर लगाया गया है। जिसका निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से अपील कर कहा कि दाई दीदी क्लिनिक में केवल महिला हितग्राहियों का चेकअप सम्भव है।नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके घर के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिले।नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर प्रतिदिन 5 वार्डों में लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगवाया जा रहा है। नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल युनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है।इसी क्रम में प्रात: आज महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा शिविर में पहुँचकर हितग्राहियों से बात की।सबने सुविधा को सराहा। हितग्राहियों ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांच व इलाज की सेवाएं बेहतर हो रही है। इसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपनी बस्ती में अपने घर के समीप लगे शिविर में आकर नि:शुल्क जांच कराकर दवाइयां ले रहे हैं। इस योजना का अच्छा प्रतिसाद भी हम सबको मिल रहा है।

# लोकसभा चुनाव के बाद जनदर्शन प्रारंभ



### कलेक्टर धर्मेश साहू का आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश दिए

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** /नागरिकों के समस्याओं, मांग आदि से जुड़े कलेक्टर जनदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान स्थगित किया गया था, जिसे मतगणना के बाद पुन: सोमवार को प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने जिले के नागरिकों के जनदर्शन में मांग शिकायत सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पुल-पुलिया, छात्रावास, सीसी रोड निर्माण आदि कार्य से संबंधित मांग रखे। वहीं नागरिकों ने राशन कार्ड, पेंशन, पशुशेड निर्माण, मजदूरी भुगतान, बटांकन, रिकार्ड दुरूस्ती के आवेदन दिए। ग्रामीणों ने मारोदरहा बैगामुड़ा जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए कलेक्टर से मांग किए, वहीं धनसीर के ग्रामीणों ने पटवारी राजेन्द्र ध्रुव के विरूद्ध शिकायत किया है।

ग्राम कोसीर से जुड़े किसान गुहाराम बनज ने शिकायत किया है कि उनके अपेक्स बैंक खाता में अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी एन्ट्री कर 72 हजार 325 रूपए का आहरण किया है। ग्राम कुम्हारी के किसान रूप सिंह चन्द्रा ने गाताडीह सहकारी समिति में उनके नाम से फर्जी ऋण का शिकायत किया है। इसी प्रकार ग्राम गोपालभौना के ग्रामीण ने आयुक्त बिलासपुर संभाग के न्यायालय में प्रचलित प्रकरण के संबंध में अभिलेख रिकार्ड लिंक कोर्ट रायगढ़ भेजने के लिए आवेदन दिया है।

# 80 वर्षीय वृद्ध पिता से बेटी व दामाद ने किया धोखा, पिता की जमीन को ठगी कर कराया अपने नाम दर्ज



**बसना(समय दर्शन)।** महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लाक के ग्राम लहरौद में 80 वर्षीय वृद्ध लखन बरीहा व उनकी पत्नी ग्राम लहरौद मे निवास करती है। दोनो ही बुजुर्ग के दो संतान है।और वे दोनो संतान ही बेटी है ,और दोनो की शादी हो गई है,,। लखन के चाचा सुकलाल के नाम पर लहरौद मे कृषि भूमि ग्राम लहरौद मे स्थित था। खसरा नं 778 ,791,806 कुल रकबा 0,3500हे भुमी सुकलाल के नाम पर दर्ज थी।

जब सुकलाल की मृत्यु हो गई और सुकलाल के कोई संतान नही थी तो जमीन लखन के नाम पर दर्ज होना था और दर्ज हो गया इसी बीच फायदा उठाते हुए छोटी बेटी, भानबाई पती संतराम ने लखन को फावती कटवाने के नाम पर छोखा करते हुए पिथौरा रजिष्टी आफीस ले जाकर पिता के नाम पर दर्ज भूमी को दान रजिष्टी फर्जी तरीके से कराकर छोटी बेटी ने जमीन अपने नाम करा लिया लखन पडा लिखा नही है और वृद्ध है। आपको बता दे लखन को बेटी व दामाद ने पटवारी के रिकार्ड दुरूस्त करवाने व फावती कटवाने के लिए धोखा करते हुए जमीन अपने नाम करा लिया।दिलचस्प बात ये भी है की रजिष्टी मे गवाह पती, व बेटे को बना दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब लखन अपने कृषि कार्य करने के लिए सरकारी सोसाइटी गया वहाँ पता चला कि, लखन की जमीन को उनकी बेटी ने अपना नाम करा लिया है अब पिता दर दर के ठोकरे खा रहा है पीडित पिता ने अपने बेटी व दामाद के खिलाफ पिथौरा थाने मे शिकायत की है। अब देखना ये होगा की एक बुजुर्ग को न्याय मिलता है की नही?

### महासमुंद जिले में प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया

**महासमुंद /शंकर लहरे/(समय दर्शन)।** महासमुंद जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, द्वारा दिनांक 9.6.2024 को महासमुंद जिले में प्रयास आवासीय विद्यालयों हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय के 8 परीक्षा केन्द्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया, जहाँ कुल 1794 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिसमें से 1608 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों का संचालन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग,कोरबा,कांकेर,बालोद में किया जाता है, इन विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पढाई कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा एवं आवास निशुल्क दिया जाता है,इस हेतु प्रतिवर्ष कक्षा 9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजन आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाती है।

इस परीक्षा के लिए महासमुंद जिले में कुल 1794 परीक्षार्थियों ने इस वर्ष पंजीयन कराया था,जिसके लिए परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में 300,वेडनर स्कूल महासमुंद में 400 तथा सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में 343,आत्मानंद विद्यालय तुमगाँव में 200,शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में 150, नवजीवन विद्यालय तुमगांव में 150, सरस्वती विद्या मंदिर तुमगांव में 150, छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 101 परीक्षार्थियों हेतु बैठक व्यवस्था की गयी थी जिनमें 1608 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए,कुल उपस्थिति का प्रतिशत 90 रहा।


### कार्यालय जोन क्रमांक-10 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-- तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::--

क्रं. 02/न.पा.नि./जोन क. 10/23-24 रायपुर, दिनांक 10/06/2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 13.06.2024 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 14.06.2024 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 20.06.2024 कार्यालयीन समय 3.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 20.06.2024 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र 52 बीएसयूपी कालोनी काली मंदिर के समीप में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 4.00 | 4000/- | 750/- | डी एवं इससे ऊपर | प्रपत्र अ (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 04 माह |
| 2. | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र 52 महात्मा गांधी नगर सामुदायिक भवन में कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 5.00 | 5000/- | 750/- | डी एवं इससे ऊपर | प्रपत्र अ (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 04 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा(अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब,स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैक सालवेंसी, अंतिम तीन साल का आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर., अमानती राशि का एफडी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्ते एवं जानकारियॉ कार्यालय अवधि / दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
11. ठेकेदार को फार्म ए में दिये गये सभी शर्ते के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है ।

घरो से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर



### न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग-02, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202406103400015 वर्ष 2023-24

//उद्घोषणा//

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलबीर खत्री पिता स्व. सुरेश खत्री निवासी कंवर नगर आमदी मंदिर वार्ड 24 तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17 स्थित भूखंड क्रमांक 220/1 में शामिलात 245 एवं 243 कब्जे के जमीन क्षेत्रफल 12×45 = 180 वर्गफीट भूमि है, उक्त आवेदित भूमि का स्थाई पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25.06.2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 10.06.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)



### कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला- राजनांदगांव

-: विज्ञप्ति :-

क्रमांक / 925/ खाद्य /2024
राजनांदगांव, दिनांक 7/06/2024

छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र के वार्ड क. 02 (महात्मा बुद्ध वार्ड, नवागांव) दूकान आई.डी. 421001064 हेतु नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउददेशीय सहकारी समितियों (लैम्पस) प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व सहायता समूहों अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से जो उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक है. से आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजो के साथ आमंत्रित किये जाते है, ये संस्था विहित प्रारूप एक में अपना आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजो सहित विज्ञप्ति जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर अर्थात दिनांक 14.06.2024 तक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनादगांव में कार्यालयीन अवधि में पेश कर सकते है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन की प्रक्रिया छ.ग.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जावेगी ।

मुहर

खाद्य अधिकारी,
राजनांदगांव (छ.ग.)



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम

-: ईश्तहार :-

अ/2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नम्बर...................
क्रमांक /1054/अ.वि.द./प्रवा-2/2024
कवर्धा, दिनांक 21.03.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगढ कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेंद्र कुमार पिता गुलाब सिंह निवास का पता झलमला तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपनें निजी स्वामित्व की ग्राम सागोना प.ह.नं.-12, रा.नि.म. कवर्धा, तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 99/7 रकबा 0.0240 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 03/07/24 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/24 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 03/06/24
पेशी दिनांक 03/07/24

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कवर्धा


### ऋण उप समिति की बैठक में 4472 करोड़ की साख सीमा एवं ऋण स्वीकृत

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में आज ऋण उप समिति एवं बोर्ड की बैठक कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं प्राधिकृत अधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में बोर्ड के सदस्य श्री अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग एवं श्री विकास साहू सहायक संचालक कृषि एवं श्री हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहें। ऋण उप समिति की बैठक में बैंक से सम्बद्ध सेवा सहकारी समितियों को केसीसी ऋण अंतर्गत 4462 करोड़ का साख सीमा स्वीकृत किया गया जिसके अंतर्गत समितियों से किसानों को कृषि कार्य, उद्यानिकी, पशुपालन, बोर पम्प, तारफेंसिग, ट्रेक्टर ऋण, स्वयं सहायता समूह ऋण की स्वीकृति दी गयी।

